# UNIVERSITY NEWS 07 JANUARY 2026

AMRIT VICHAR

## योग और भूगोल परीक्षा कार्यक्रम जारी

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में योग व अल्टरनेटिव मेडिसिन विभाग और भूगोल विभाग में बीए सेमेस्टर 5 प्रायोगिक परीक्षा 10 जनवरी को 11 बजे से होगी। जबकि योग विभाग में बीए, बीएससी चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं चार पालियों में आयोजित की गई है। विस्तृत जानकारी छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

AMRIT VICHAR

## यूजीसी नेट परीक्षा का आज अंतिम दिन

अमृत विचार, लखनऊ: विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की नेट परीक्षा का आज अंतिम दिन है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा 31 दिसंबर से 7 जनवरी तक परीक्षा का आयोजन किया गया है। जिसमें कई विषयों के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा ली जा रही है। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई जिसमें कुल 85 विषयों में अभ्यर्थियों ने शोध के लिए परीक्षा दी है।

HINDUSTAN

## एलयू में 11 पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी

एलयू में शैक्षिक सत्र 2025-26 विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक और परास्नातक स्तर के 11 पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं। किसी तरह की समस्या आने पर परीक्षा विभाग में संपर्क कर सकते हैं।

AMAR UJALA

## लविवि: प्रैक्टिकल परीक्षा 10 को

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में बीए पांचवें सेमेस्टर की प्रैक्टिकल परीक्षा 10 जनवरी को होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रैक्टिकल परीक्षा 11 बजे से आयोजित होगी। विद्यार्थियों के लिए अन्य जानकारी लविवि की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर उपलब्ध है। (माई सिटी रिपोर्टर)

DAINIK JAGRAN

## प्रयोगात्मक परीक्षा 10 को

जासं • लखनऊ : लवि के भूगोल विभाग ने बीए भूगोल पांचवें सेमेस्टर की इंटर्नशिप प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि तय कर दी। यह परीक्षा 10 जनवरी को सुबह 11 बजे से होगी। विभागाध्यक्ष प्रो . दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने सूचना जारी की है।

## लवि ने जारी किए कई कोर्सों के परीक्षा कार्यक्रम

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने कई कोर्सों की प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं की समय सारिणी जारी कर दी है। एम .ए डिफेंस स्टडीज प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 से 21 जनवरी, एम .ए जाग्रफी प्रथम सेमेस्टर की 15 से 23 जनवरी, एम .ए पालिटिकल साइंस प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 से 27 जनवरी और इसके एक वर्षीय कोर्स की परीक्षाएं भी इसी अवधि में होंगी।